तापमान
अधिकतम 34.0 डिग्री
न्यूनतम 20.0 डिग्री

हरिभूमि
# वनांचल भूमि

रायपुर, शनिवार 14 मार्च 2026

बस्तर | दंतेवाड़ा | बीजापुर | सुकमा | कांकेर | कोण्डागांव | नारायणपुर



11 नन्हें कदमों की स्कूल वापसी, जब कलेक्टर खुद पहुंचे महुआ बीन रही 'मंगली' के द्वार





12 6 महीने में 25 हजार की 6 किस्त देगा कम्प्यूटर ऑपरेटर




## खबर संक्षेप

### मालिक का विश्वास जीता फिर बाइक पार कर हो गया फरार



**जगदलपुर।** नानगुर थाना क्षेत्र के माझीगुड़ा निवासी किसान ने हार्वेस्टर चलाने के लिए ओडिशा से चालक बुलाया था। कुछ दिन काम कर मालिक का विश्वास जीतने के बाद आरोपी ने मालिक की बाइक को चोरी कर फरार हो गया। रिपोर्ट पर त्वरित कार्रवाई करते हुए नानगुर पुलिस ने आरोपी को ओडिशा के सबंलपुर से गिरफ्तार कर नानगुर लेकर आई फिर उसे न्यायालय में पेश कर जेल भेजा गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए आरोपी कि गिरफ्तारी के लिए एसपी शलभ कुमार सिन्हा के निर्देश, एएसपी माहेश्वर नाग के मार्गदर्शन व एसडीओपी लक्ष्मण पोटाई के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी गणेश यादव के नेतृत्व में टीम गठित किया गया था। मामले कि रिपोर्ट दर्ज कराते हुए मांझीगुड़ा निवासी बाबुराम बघेल ने बताया कि उसने नवम्बर 2025 में हार्वेस्टर चलाने के लिए ओडिशा निवासी जय शंकर उर्फ विक्की गुरु को बुलाया था। कुछ दिन हार्वेस्टर चलाने के बाद संबलपुर ओडिशा निवासी बिक्की गुरु अपने मालिक के घर में रखे पल्सर बाईक क्रमांक सीजी 17 केएक्स 7429 को बिना बताए चोरी कर फरार हो गया था। प्रार्थी के रिपोर्ट पर आरोपी के खिलाफ धारा 305(ए), शेष पेज 10 पर

### सदन से बाहर जाने के आदेश पर भड़के सदस्य, कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन की चेतावनी

# भाजपा-कांग्रेस साथ-साथ, जिपं सामान्य सभा का बहिष्कार, सीईओ को हटाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- विभागीय अधिकारियों की अनुपस्थिति और गोलमोल जवाबों से भड़का जनप्रतिनिधियों का गुस्सा



बस्तर जिला पंचायत की सामान्य सभा बैठक शुक्रवार को उस समय अप्रिय मोड़ पर पहुंच गई जब सत्तारूढ़ भाजपा और विपक्ष कांग्रेस के सदस्य एकजुट होकर बैठक का बहिष्कार करते हुए सभाकक्ष से बाहर निकल आए। यह पहला अवसर माना जा रहा है जब पक्ष और विपक्ष दोनों ने एक साथ जिला पंचायत के सीईओ के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए उनके तत्काल स्थानांतरण की मांग की।

बैठक के दौरान विभिन्न विभागों के प्रमुख अधिकारियों की अनुपस्थिति, योजनाओं में अनियमितता और जनप्रतिनिधियों के प्रश्नों का संतोषजनक उत्तर नहीं मिलने पर माहौल लगातार गरमाता गया। सदस्यों ने आरोप लगाया कि कई विभागों में भ्रष्टाचार हो रहा है और ऐसे अधिकारियों को जिला पंचायत सीईओ का संरक्षण मिल रहा है। इसी बीच हंगामे के दौरान सीईओ द्वारा सदस्यों को सभाकक्ष से बाहर जाने का फरमान सुनाए जाने से जनप्रतिनिधि आक्रोशित हो उठे।उन्होंने इसे जनप्रतिनिधियों का अपमान बताते हुए बैठक का सामूहिक बहिष्कार कर दिया। बैठक में रेटावंड सड़क निर्माण,वन विभाग के पौधरोपण कार्य, माचकोट वन परिक्षेत्र में सड़क-पुलिया की कमी,आंगनबाड़ी केंद्रों में रंगाई-पुताई में अनियमितता तथा कई गांवों में बिजली समस्या जैसे मुद्दे जोरदार तरीके से उठाए गए। सदस्यों ने आरोप लगाया कि कई स्थानों पर पौधरोपण के नाम पर राशि खर्च हो गई,जबकि मजदूरों शेष पेज 10 पर

#### सीईओ ने सदस्यों का किया अपमान

जिला पंचायत अध्यक्ष वेदवती कश्यप ने कहा कि सामान्य सभा की बैठक जनप्रतिनिधियों के सवालों और जनता की समस्याओं के समाधान के लिए बुलाई जाती है, लेकिन लगातार विभागीय अधिकारियों द्वारा संतोषजनक जवाब नहीं दिए जा रहे हैं। कई विभाग अपने प्रमुख अधिकारियों की जगह सहायक अधिकारियों को भेजकर औपचारिकता निभा रहे हैं। इसी दौरान हंगामे के बीच जिला पंचायत सीईओ द्वारा यह कहना कि "इसी वजह से बैठक नहीं बुलाया जाता" और सदस्यों को कार्रवाई के दौरान सभाकक्ष से बाहर जाने का निर्देश देना जनप्रतिनिधियों का खुला अपमान है। अध्यक्ष ने कहा कि सभी सदस्यों की भावना का सम्मान करते हुए उन्होंने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को पत्र भेजकर जिला पंचायत सीईओ और महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी को तत्काल हटाने की मांग की है। यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो सदस्य सड़क पर उतरकर आंदोलन करने को विवश होंगे।

# जगदलपुर नगर निगम के वार्ड-16 में उपचुनाव की घोषणा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- निर्वाचन आयोग ने जारी किया मतदाता सूची पुनरीक्षण का विस्तृत कार्यक्रम

छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग ने प्रदेश के नगरीय निकायों में रिक्त पदों को भरने की दिशा में कदम उठाते हुए निर्वाचन प्रक्रिया का बिगुल फूंक दिया है। इसी क्रम में बस्तर जिले के अंतर्गत नगर पालिक निगम जगदलपुर के इंदिरा गांधी वार्ड क्रमांक 16 में रिक्त पद के लिए उपचुनाव की घोषणा की गई है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी बस्तर ने जारी आधिकारिक सूचना के अनुसार इस उपचुनाव के लिए फोटोयुक्त निर्वाचक नामावली तैयार करने हेतु 1 अप्रैल को संदर्भ तिथि निर्धारित किया गया है, जिसके आधार पर ही मतदाताओं की पात्रता तय की जाएगी। निर्वाचन की तैयारियों को गति देते हुए प्रशासन ने दो चरणों में विस्तृत कार्ययोजना तैयार की है। प्रथम चरण के अंतर्गत आगामी 23 मार्च तक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों की नियुक्ति और कर्मचारियों का चयन पूर्ण कर लिया जाएगा। इसके पश्चात विधानसभा की वर्तमान मतदाता सूची से वार्डवार नामों को पृथक करने और सॉफ्टवेयर के माध्यम से मतदाताओं को उनके संबंधित भाग में शिफ्ट करने का कार्य 2 अप्रैल तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। तैयारियों के इसी क्रम में 9 अप्रैल को निर्वाचक नामावली शेष पेज 10 पर

#### 5 मई को होगा अंतिम प्रकाशन

प्रशासन द्वारा इन प्राप्त आपत्तियों का निराकरण 23 अप्रैल तक सुनिश्चित किया जाएगा, जिसके उपरांत सभी संशोधनों को समाहित करते हुए 5 मई को निर्वाचक नामावली का अंतिम प्रकाशन कर दिया जाएगा। इस पूरी प्रक्रिया को पारदर्शी और समयबद्ध तरीके से संपन्न कराने के लिए जिला निर्वाचन शाखा ने आयुक्त नगर निगम और राजस्व अधिकारियों को कड़े निर्देश जारी किए हैं।

# शराब के नशे में कुएं में गिरने से युवक की मौत

- परिजनों के समझाइश के बाद भी नहीं छोड़ रहा था शराब की लत

**जगदलपुर।** भानपुरी थाना क्षेत्र के फरसागुड़ा में बीती रात एक युवक शराब के नशे में कुएं में गिर गया। इसकी जानकारी लगते ही तत्काल पुलिस व एसडीआरएफ की टीम को सूचना दी गई। देर रात जब तक युवक को कुएं से निकाला जाता उसकी मौत हो चुकी थी।

जानकारी के मुताबिक बीती रात एक युवक नशे की हालत में कुएं में गिर गया। कुएं में किसी के गिरने की आवाज सुनकर ग्रामीणों संदेह हुआ तो वे कुएं के पास पहुंचे और किसी के गिरने की आशंका में तुरंत पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही भानपुरी पुलिस व एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची और काफी मशक्कत के बाद देर रात उसका शव बाहर शेष पेज 10 पर

#### पीएम के बाद शव परिजन को सौंपा

परिजनों ने बताया कि त्रिनाथ शराब पीने का आदी था। शादीशुदा होने और बच्चे होने के बावजूद वह शराब पीना नहीं छोड़ रहा था। परिजनों ने उसे कई बार समझाने का प्रयास भी किया था। लेकिन त्रिनाथ ने उनकी बात नहीं मानी। इसी बीच हादसे में उसकी जान चली गई। भानपुरी पुलिस द्वारा पंचनामा व पीएम के बाद शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया।

# बस्तर जिले की 21 ग्राम पंचायतों में उपचुनाव

- निर्वाचन आयोग ने जारी किया मतदाता सूची पुनरीक्षण का कार्यक्रम

**जगदलपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग ने बस्तर जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में रिक्त पड़े पंचायत पदों को भरने के लिए चुनावी प्रक्रिया शुरू कर दिया है। निर्वाचन भवन नवा रायपुर से जारी निर्देशानुसार अब बस्तर जिले की 21 ग्राम पंचायतों में पंच के रिक्त पदों पर उपचुनाव की तैयारियां आरंभ हो गई हैं। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कार्यालय ने इस संबंध में विस्तृत दिशा-निर्देश जारी करते हुए अवगत कराया गया है कि यह पूरी चुनावी प्रक्रिया 1 अप्रैल 2026 की संदर्भ तिथि के आधार पर तैयार की जाने वाली नई फोटोयुक्त मतदाता सूची पर आधारित होगी। प्रशासनिक स्तर पर इस कार्य को दो चरणों में विभाजित किया गया है। पहले चरण की शुरुआत 23 मार्च से होगी, जिसमें रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों की नियुक्ति और कर्मचारियों का चयन किया जाएगा। इसके पश्चात विधानसभा की मौजूदा मतदाता सूची से वार्डवार डेटा पृथक कर सॉफ्टवेयर के माध्यम से त्रुटिहीन सूची तैयार की जाएगी। इस प्रारंभिक तैयारी के बाद 13 अप्रैल को मतदाता सूची का सार्वजनिक प्रकाशन किया जाएगा, जिसके साथ ही दावा-आपत्ति का दौर शुरू होगा। स्थानीय नागरिक 20 अप्रैल की दोपहर 3 बजे तक अपने नाम जुड़वाने, कटवाने या संशोधन के लिए आवेदन कर सकेंगे। निर्वाचन आयोग द्वारा साझा की गई जानकारी के शेष पेज 10 पर




## खबर संक्षेप

### डाक अदालत 18 को

**रायपुर।** कार्यालय मुख्य पोस्ट मास्टर जनरल छत्तीसगढ़ परिमण्डल रायपुर द्वारा डाक सेवाओं से संबंधित ग्राहकों की शिकायतों के त्वरित समाधान के लिए 18 मार्च को शाम 4 बजे 'डाक अदालत' का आयोजन किया जा रहा है। यह अदालत रायपुर जीपीओ बिल्डिंग, जय स्तंभ चौक में आयोजित होगी, जिसमें डाक वितरण, बचत बैंक, मनीआर्डर और बीमा जैसी सेवाओं से संबंधित शिकायतों का निराकरण किया जाएगा, जिसके लिए 16 मार्च की दोपहर 2 बजे तक शिकायतें दी जा सकती है। इसके बाद प्राप्त शिकायतों को इस अदालत में शामिल नहीं किया जाएगा।

### बिजली बिल और सरचार्ज में छूट का स्वागत, सीएम का जताया आभार

**रायपुर।** नहरपारा विकास समिति के पदाधिकारियों ने बिजली बिल और अधिभार में छूट घोषित योजना का स्वागत करते हुए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का आभार जताया गया है। इस मौके पर समिति के समिति के अध्यक्ष व पूर्व पार्षद रमेश आहूजा ने कहा है कि सरचार्ज में सौ प्रतिशत छूट व मूल बिल में 75 प्रतिशत की छूट एकल बत्ती कनेक्शनधारियों व किसानों के लिए बेहद लाभकारी है। योजना में मात्र 10 प्रतिशत राशि जमा कराकर पंजीयन कराया जा सकता है। शेष राशि किस्तों में जमा करनी है, योजना 30 जून तक लागू है। उन्होंने कहा कि सीएम साय किसानों व एकलबत्ती कनेक्शन धारियों के हितैषी हैं। श्री आहूजा ने कहा कि मुख्यमंत्री साय बेहद संवेदनशील हैं, उन्हें समाज के हर वर्ग का ख्याल है, वे जनसमस्याओं का सतत निराकरण कर विकास कार्यों के माध्यम से आम लोगों की जरूरत को पूरा कर रहे हैं। आभार जताने वालों में समिति के कार्यकारी अध्यक्ष कुलदीप चावला, उपाध्यक्ष सुरेंद्र छाबड़ा तथा महामंत्री किशोर आहूजा आदि शामिल थे।

### होटल के स्टोर रूम में आग से हड़कंप



**रायपुर।** विधानसभा थाना क्षेत्र स्थित होटल रॉयल कैसल में आग लगने से अफरा-तफरी की स्थिति निर्मित हो गई। आग लगने की घटना गुरुवार चार बजे की है। स्टोर रूम से आग की लपटें उठती देख होटल प्रबंधन को होटल में आग लगने की जानकारी मिली। इसके बाद फायर ब्रिगेड को होटल में आग लगने की जानकारी दी गई। मौके पर पहुंची दो फायर ब्रिगेड की गाड़ियों की मदद से आग पर काबू पाया जा सका। शार्ट सर्किट से आग लगने की आशंका जताई जा रही है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार आग ने विकराल रूप ले लिया और काला धुआं पूरी बिल्डिंग में फैलने लगा। आग जब तक पूरी बिल्डिंग को अपनी चपेट में लेती, मौके पर फायर ब्रिगेड की गाड़ियां पहुंच गईं और आग को काबू किया। मौके पर किसी तरह की अनहोनी को रोकने विधानसभा पुलिस के साथ ही डीएसपी विरेंद्र चतुर्वेदी उपस्थित रहे। पुलिस अधिकारी के अनुसार आग होटल के ग्राउंड फ्लोर पर बने स्टोर रूम में लगी थी।

# विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं का हुआ सम्मान

**हरिभूमि न्यूज ▸▸| नारायणपुर**

## भाजपा महिला मोर्चा के तत्वावधान में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर सम्मेलन

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महिला मोर्चा स्थानीय भाजपा कार्यालय में भव्य महिला सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मंचासीन अतिथियों द्वारा भारत माता के छायाचित्र पर दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया।

कार्यक्रम की मुख्य वक्ता भाजपा महिला मोर्चा प्रदेश सह प्रभारी स्व सहायता समूह माधुरी साहू ने अपने संबोधन में कहा कि नारी शक्ति समाज की आधारशिला है। आज महिलाएं शिक्षा, प्रशासन, राजनीति, खेल सहित विभिन्न क्षेत्रों में अपनी प्रतिभा और क्षमता का परिचय दे रही हैं। मातृशक्ति के सशक्त होने से ही समाज और राष्ट्र की प्रगति सुनिश्चित होती है। उन्होंने महिलाओं से आत्मनिर्भर बनने और समाज के निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया।

इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष संध्या पवार, छत्तीसगढ़ राज्य लघु वनोपज संघ के अध्यक्ष रूपसाय सलाम, जिला पंचायत अध्यक्ष नारायण मरकाम, भाजपा महिला मोर्चा छत्तीसगढ़ की प्रदेश उपाध्यक्ष रमशीला नाग, नगर पालिका परिषद अध्यक्ष इंद्र प्रसाद बघेल, अध्यक्ष जनपद पंचायत पिंकी उसेंडी, वरिष्ठ भाजपा नेता बृजमोहन देवांगन तथा भाजपा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष संगीता जैन सहित अन्य अतिथियों ने भी मातृशक्ति के सम्मान और महिला सशक्तिकरण के महत्व पर अपने विचार व्यक्त किए।

### इनकी रही उपस्थिति

कार्यक्रम में बबीता ठाकुर, रंजना ठाकुर, शांति नेताम, नेहा कश्यप, कृति पोटाई, हीना नाग, खुशबू जैन, दीपाली नाग, देवकी ठाकुर, वर्षा पांडेय, राधिका वड्डे, प्रीति शर्मा, मीनाक्षी बघेल, रैनी मरकाम, रामबती देवांगन, प्रभा महंत, जयबती कचलाम, फातिमा बेगम, संतोषी कुमेटी, मनमती नाग सहित महिला मोर्चा की पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में मातृशक्तियां उपस्थित रहीं



### विभिन्न प्रतियोगिता व खेलों का आयोजन

सम्मेलन के दौरान महिलाओं के बीच कुर्सी दौड़, नृत्य प्रतियोगिता सहित विभिन्न मनोरंजक खेलों का भी आयोजन किया गया, जिसमें महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिताओं में विजेता रही महिलाओं को अतिथियों द्वारा सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया गया।

## छत्तीसगढ़ की जनसुनवाई को देश के अन्य राज्य में भी अपना रहे

# 5 दिन में 750 से अधिक मामलों की हुई महाजनसुनवाई : नायक

**हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर**



महिला दिवस पर राष्ट्रीय महिला आयोग के प्रपोजल पर बेहतर काम 5 दिनों में किया गया है। सरगुजा से लेकर बस्तर तक 33 जिलों के 750 से अधिक मामलों पर जनसुनवाई कर महिलाओं को उनका हक दिलाया गया। राज्य की जनसुनवाई को अन्य प्रांतों में भी लागू करने की पहल हुई है। पहली बार अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर 9 से 13 मार्च तक 5 दिनों में राज्य के संभाग और जिला के प्रकरणों पर सुनवाई करते हुए मामलों का निराकरण किया गया। राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष किरणमयी नायक ने शुक्रवार को कलेक्टोरेट में जनसुनवाई के बीच पत्रवार्ता में यह बात कही। उन्होंने कहा कि सरगुजा में 101, बिलासपुर 159, दुर्ग में 113, रायपुर में सर्वाधिक 292 और आज जगदलपुर में बस्तर संभाग के सभी 7 जिले के 87 प्रकरणों पर जनसुनवाई हुई। उन्होंने कहा यह खुशी की बात है कि महिला दिवस पर लिए गए निर्णय का अच्छा प्रतिसाद मिला। एक माह पहले से कुछ नया और अनूठा करने की योजना बनी थी। जूम मिटिंग लेकर संभाग वाइस काम किया गया था। आगामी 24 मार्च को महिला आयोग स्थापना का रजत जयंती वर्ष मनाया जाएगा जिसमें अच्छा काम करने वालों का सम्मान होगा। महाजनसुनवाई के दौरान आयोग की सदस्या दीपिका सोरी और ओजस्वी मंडावी मौजूद रहे।

### 5 करोड़ की जमीन मामले में शोकॉज नोटिस

अध्यक्ष ने कहा कि भखारा के तहसीलदार और पटवारी ने एक जमीन मामले में अन्य पक्ष को लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से जल्दबाजी की। सुबह 11 बजे का समय दिया गया था और महिला से देर से आने की बात कहकर शिकायत नहीं लिया गया। 5 करोड़ की जमीन से संबंधित मामला था इस पर कार्यवाही होना था इसलिए तहसीलदार और पटवारी को शोकाज नोटिस जारी किया गया है जिस पर रायपुर में सुनवाई होगी।

### 3 किश्त में 10 लाख देगा अनावेदक

अध्यक्ष नायक ने एक पति, पत्नि के मामले के सुनवाई पर फैसला दिया है। तलाक मामले में राजीनामा होने पर 3 किश्त में अनावेदक पूर्व पत्नी को 10 लाख देगा। एक अन्य प्रकरण में पत्नी ने गुजारा भत्ता नहीं लेने की बात कही। इसे नस्तीबद्ध किया गया। वहीं एक 35 वर्षीय महिला जिसका एक बच्चा है इस प्रकरण में भरण पोषण की राशि 75 हजार एकमुश्त पर सहमति बनी।

### युवक के आत्महत्या के मामले में किन्नरों को राहत

अध्यक्ष नायक ने एक मामले में बताया कि 17 साल का एक बच्चा जो इकलौता था वह किन्नरों के साथ रहने लगा। वह अपने घर नहीं रहना चाहता था। इस बीच में उसने आत्महत्या कर ली। इस प्रकरण की सुनवाई में युवक की मां ने कहा कि बेटा चला गया इसलिए किन्नरों पर कार्यवाही नहीं चाहती हूं। वहीं किन्नरों ने भी कहा कि हम खुद अपने जीवन से परेशान हैं आत्महत्या के लिए हम किसी को नहीं बोल सकते। इस पर किन्नरों को इसलिए राहत दी गई क्योंकि युवक की मां ने कहा कि कार्यवाही किसी पर नहीं चाहती।

### आधी आबादी को मिला पूरा हक

महिला आयोग की सदस्य लक्ष्मी वर्मा के राज्यसभा सांसद बनने पर अध्यक्ष किरणमयी नायक ने कहा कि दोनों दल की 2 महिलाएं लक्ष्मी वर्मा और फूलोदेवी नेताम राज्यसभा सांसद बनी यह खुशी की बात है, आधी आबादी को पूरा हक मिला है।

# एमएसएमई उद्यमियों और बैंकों के बीच सीधा संवाद



**कोण्डागांव।** जिला प्रशासन कोण्डागांव एवं जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र के सहयोग से आरएएमपी योजना के अंतर्गत कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में "उद्योग एवं बैंकर्स कनेक्ट कार्यक्रम" का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ कलेक्टर नुपूर राशि पन्ना के मुख्य आतिथ्य में हुआ।

- आरएएमपी योजना के तहत कोण्डागांव में उद्योग एवं बैंकर्स कनेक्ट कार्यक्रम आयोजित

कार्यक्रम में जिले के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमियों, महिला उद्यमियों तथा पीएमएफएमई योजना, पीएमईजीपी योजना और स्टार्टअप योजना से जुड़े उद्यमियों ने भाग लिया। इस दौरान भारतीय स्टेट बैंक, बैंक ऑफ इंडिया और पंजाब नेशनल बैंक सहित अन्य बैंकों के अधिकारी भी उपस्थित थे।

**योजनाओं और औद्योगिक नीति की दी जानकारी :** कार्यक्रम में सहायक संचालक विरेन्द्र तान्डेकर ने पीपीटी प्रेजेंटेशन के माध्यम से पीएमएफएमई योजना और औद्योगिक नीति 2024–30 के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम के दौरान कलेक्टर ने बैंकों में लंबित और निरस्त प्रकरणों की समीक्षा करते हुए बैंक प्रबंधकों को आवश्यक निर्देश दिए। वहीं जिला पंचायत सीईओ अविनाश भोई ने हितग्राहियों से संवाद कर उनकी समस्याओं के समाधान के लिए बैंक अधिकारियों को निर्देशित किया।

**एमएसएमई सेक्टर को मिलेगा बढ़ावा :** महाप्रबंधक हिमालय सेठिया ने बताया कि इस प्रकार के कार्यक्रम एमएसएमई सेक्टर को सशक्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी ऐसे संवाद कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस अवसर पर अग्रणी जिला प्रबंधक, विभिन्न विभागों के अधिकारी, बैंक प्रतिनिधि, औद्योगिक संगठन के सदस्य तथा स्थानीय उद्यमी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# मोबाइल से कुछ ही मिनटों में बनाएं आभा आईडी स्वास्थ्य कार्ड

**हरिभूमि न्यूज ▸▸| कोण्डागांव**

राष्ट्रीय डिजिटल स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत जिले के नागरिकों को डिजिटल स्वास्थ्य सेवाओं से जोड़ने के लिए आभा आईडी स्वास्थ्य कार्ड बनाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इसके माध्यम से लोग अपनी स्वास्थ्य संबंधी जानकारी को डिजिटल रूप में सुरक्षित रख सकते हैं। जिले के सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, उप स्वास्थ्य केंद्र और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में आभा आईडी बनाने की सुविधा उपलब्ध है। इसके अलावा स्वास्थ्य कार्यकर्ता, मितानिन और अन्य कर्मचारी भी लोगों को आभा ऐप की जानकारी देकर पंजीयन में सहयोग कर रहे हैं। नागरिक स्वयं अपने मोबाइल से भी आभा आईडी बना सकते हैं। इसके लिए प्ले स्टोर से आभा ऐप या आरोग्य सेतु डाउनलोड करना होगा। इसके अलावा आभा की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर भी पंजीकरण किया जा सकता है। ऐप में क्रिएट आभा आईडी या क्रिएट स्वास्थ्य आईडी विकल्प चुनकर आधार नंबर या मोबाइल नंबर के माध्यम से पंजीकरण किया जा सकता है। ओटीपी सत्यापन और आवश्यक जानकारी दर्ज करने के बाद 14 अंकों की यूनिक आभा आईडी तैयार हो जाती है, जिसे डाउनलोड भी किया जा सकता है।

- डिजिटल स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़ने के लिए किया जा रहा जागरूक

### डिजिटल हेल्थ रिकॉर्ड से मिलेगा बेहतर इलाज

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आरके चतुर्वेदी ने बताया कि आभा आईडी एक डिजिटल हेल्थ रिकॉर्ड है, जिसमें व्यक्ति की जांच रिपोर्ट, उपचार का विवरण और दवाइयों का रिकॉर्ड सुरक्षित रहता है। इससे अस्पताल में उपचार के दौरान डॉक्टर को मरीज की पूर्व स्वास्थ्य जानकारी आसानी से मिल जाती है, जिससे बेहतर और त्वरित इलाज संभव होता है।

### नागरिकों से आभा आईडी बनवाने की अपील

कलेक्टर श्रीमती नुपूर राशि पन्ना और मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आरके चतुर्वेदी ने जिले के सभी नागरिकों से अपील की है कि वे अपने नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र, स्वास्थ्य कार्यकर्ता या मितानिन से संपर्क कर आभा आईडी बनवाएं और डिजिटल स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाएं।

# कलेक्टर ने करंजी और बड़े बेन्दरी स्वास्थ्य केन्द्रों की व्यवस्था का लिया जायजा

**हरिभूमि न्यूज ▸▸| कोण्डागांव**

- कलेक्टर ने स्वास्थ्य केन्द्रों और आंगनबाड़ी केन्द्रों का किया सघन निरीक्षण

कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना ने गुरुवार को स्वास्थ्य केन्द्र करंजी और बड़े बेन्दरी का निरीक्षण कर स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने प्रसव कक्ष की आवश्यक व्यवस्थाओं में सुधार करने के निर्देश दिए। स्वास्थ्य केन्द्र करंजी में अव्यवस्था पाए जाने पर कलेक्टर ने बीएमओ, बीपीएम, सेक्टर अधिकारी और स्वास्थ्य कार्यकर्ता को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।

साथ ही स्वास्थ्य कर्मियों को आवासीय कक्ष में ही ठहरकर नियमित सेवाएं देने के लिए सख्त निर्देश दिए। कलेक्टर ने बड़े बेन्दरी स्वास्थ्य केन्द्र में एचआरपी सूची का अवलोकन करते हुए गर्भवती महिलाओं की सतत निगरानी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी स्वास्थ्य केन्द्र निर्धारित समय पर खुले रहें और स्वास्थ्य कर्मियों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित की जाए।

### गैस, पानी और बिजली की व्यवस्था के निर्देश

कलेक्टर ने टेंगनापालना काकोड़ी, कुटुम्बपारा करंजी और प्लाटपारा बोलबोला स्थित आंगनबाड़ी केन्द्रों का निरीक्षण कर बच्चों के स्वास्थ्य और पोषण स्तर की जानकारी ली। उन्होंने स्वच्छता पर जोर देते हुए आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को केन्द्र भवन को साफ-सुथरा और आकर्षक बनाए रखने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने आंगनबाड़ी केन्द्रों में गैस कनेक्शन सुनिश्चित करने, टेंगनापालना केन्द्र में जल जीवन मिशन के माध्यम से पेयजल व्यवस्था करने तथा दो केन्द्रों में विद्युत कनेक्शन उपलब्ध कराने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। साथ ही कुपोषित बच्चों को एनआरसी में भर्ती कराने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। इस दौरान जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अविनाश भोई और मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एके चतुर्वेदी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# डीएड अभ्यर्थियों ने धरना स्थल से निकाला दांडी मार्च

**हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर**

डीएड प्रशिक्षित अभ्यर्थी संघ के आव्हान पर नवा रायपुर के तूता स्थित धरना स्थल पर सहायक शिक्षकों के 2300 पदों पर तत्काल नियुक्ति की मांग कर रहे अभ्यर्थियों ने गुरूवार को धरना स्थल से शांतिपूर्ण दांडी मार्च निकाला। अपने संवैधानिक अधिकार व न्याय की मांग को लेकर जारी आंदोलन में बड़ी संख्या में डीएड अभ्यर्थी शामिल हुए।

प्रदेशभर के डीएड प्रशिक्षित अभ्यर्थी लंबे समय से आमरण अनशन कर हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद भी सहायक शिक्षक भर्ती के अंतर्गत 2300 पद रिक्त रहने से नाराज हैं, उनका कहना है कि हजारों प्रशिक्षित डीएड अभ्यर्थी नियुक्ति की प्रतीक्षा कर रहे हैं पर राज्य शासन न्यायालय के आदेशों का पालन नहीं कर रही। इस गंभीर विषय के प्रति शासन-प्रशासन का ध्यान आकर्षित कराने लोकतांत्रिक तरीके से शांतिपूर्वक दांडी मार्च निकाला गया।

## पेज 09 के शेष

### भाजपा-कांग्रेस एक...

का भुगतान तक नहीं किया गया। वहीं विद्युत व्यवस्था और लाइन विस्तार से जुड़ी शिकायतों पर भी विभागों द्वारा औपचारिक जवाब दिए जाने से सदस्य असंतुष्ट दिखाई दिए। बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष वेदवती कश्यप, उपाध्यक्ष बलदेव मंडावी सहित सदस्य चंद्रभान कश्यप, निर्देश दीवान,शकुंतला कश्यप,कामदेव बघेल,योगेश बघेल,वनवासी मोर्य, नीलिमा टीव्ही रवि, पदमनी कश्यप,सम्पति नाग,ललिता कश्यप, कांति मोर्य सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।

**सीएम, सीएस और कलेक्टर को पत्र :** जिला पंचायत अध्यक्ष, उपाध्यक्ष सहित सदस्यों ने सामान्य सभा बहिष्कार के संबंध में मुख्यमंत्री, मुख्य सचिव और कलेक्टर को पत्र लिखा है। जिसमें उन्होंने जिला पंचायत सीईओ के रवैये की जांच की मांग करते हुए तत्काल तबादले की मांग की है।

### जगदलपुर नगर...

का मुद्रण कर इसे संबंधित रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को उपलब्ध करा दिया जाएगा। चुनाव प्रक्रिया के दूसरे और सबसे महत्वपूर्ण चरण में 13 अप्रैल को मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन किया जाएगा, जिसके बाद आम नागरिक और मान्यता प्राप्त राजनीतिक दल सूची का अवलोकन कर सकेंगे। यदि किसी मतदाता का नाम सूची में छूट गया है या उसमें कोई त्रुटि है, तो वे 20 अप्रैल की दोपहर 3 बजे तक अपनी दावे और आपत्तियां प्रस्तुत कर सकेंगे।

### शराब के नशे में कुएं...

निकाला। भानपुरी थाना प्रभारी हर्ष धुरंधर ने बताया कि फरसागुड़ा के बड़े पारा निवासी त्रिनाथ शराब के नशे में घर से निकला था। देर रात अंधेरे के कारण वह सरकारी कुएं के पास पहुंचा और उसमें गिर गया। अंधेरा अधिक होने के कारण शव निकालने के लिए एसडीआरएफ टीम द्वारा रात को ही सीढ़ी और अन्य उपकरण के साथ घटनास्थल फरसागुड़ा पहुंचे और शव निकालकर पुलिस के सुपुर्द कर दिया।

### बस्तर जिले की 21 ग्राम...

अनुसार जिले के छह विकासखंड जगदलपुर, बस्तर, बकावण्ड, लोहण्डीगुड़ा, तोकापाल और दरभा में कुल 22 पंच पदों के लिए मतदान होना है। सबसे अधिक रिक्तियां बकावण्ड जनपद के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायतों जैसे करीतगांव, जैबेल और सोनपुर में देखी गई हैं, जहाँ कुल 9 पदों पर चुनाव होने हैं। वहीं बस्तर जनपद की नवा रतेंगा, सुधापाल और गुरिया जैसी पंचायतों में भी 6 रिक्त स्थानों को भरने की तैयारी है। पूरी प्रक्रिया की पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए राज्य निर्वाचन आयोग की सचिव श्रीमती शिखा राजपूत तिवारी ने निर्देश दिए हैं कि दावा-आपत्तियों का निराकरण 27 अप्रैल तक अनिवार्य रूप से कर लिया जाए। इसके बाद 5 मई को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन कर दिया जाएगा, जो आगामी उपचुनाव के लिए आधार बनेगी। वर्तमान में जिला प्रशासन और निर्वाचन शाखा इन रिक्त पदों पर सुचारू मतदान संपन्न कराने के लिए जमीनी स्तर पर तैयारियों को अंतिम रूप देने में जुटे हैं, ताकि ग्रामीण लोकतंत्र की इन बुनियादी इकाइयों में जन प्रतिनिधियों की कमी को दूर किया जा सके।

### मालिक का विश्वास ...

331(4) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर पतासाजी की जा रही थी। पुलिस से बचने के लिए आरोपी लगातार अपना लोकेशन बदल रहा था। इसी बीच सायबर सेल की मदद से आरोपी का लोकेशन संबलपुर ओडिशा में होने का इनपुट मिलने पर टीम को ओडिशा रवाना किया गया। आरोपी जयशंकर गुरु उर्फ विक्की गुरु 24 वर्ष निवासी ब्राम्हनीपाली थाना सदर जिला संबलपुर ओडिशा को हिरासत में लेकर उसकी निशानदेही पर चोरी गए पल्सर मोटरसाइकिल को संबलपुर से जब्त कर आरोपी को नानगुर लाया गया। आरोपी को गुरूवार को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया जहां से उसे न्यायिक रिमाण्ड में जेल भेजा गया।

**इनकी रही अहम भूमिका :** चोरी की बाईक बरामद कर आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजने में निरीक्षक गणेश यादव के अलावा एएसआई हरवान सिंह, महिला प्रधान आरक्षक नुपुर भारती, प्रधान आरक्षक धरम कश्यप, आरक्षक शंकर कश्यप, संगराम, अनिल, राजेन्द्रराम एवं मुकेश नेताम की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## अफीम की खेती और गैस संकट पर कांग्रेस का प्रदर्शन

# भाजपा कार्यालय घेरने निकले कांग्रेसी, पुलिस ने बेरिकेडिंग कर रोका

**हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर**





बस्तर जिला कांग्रेस कमेटी शहर और ग्रामीण के संयुक्त तत्वावधान में शुक्रवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रदेश में कथित अफीम की खेती और गैस सिलेंडर संकट को लेकर भाजपा सरकार के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। कांग्रेसी भाजपा कार्यालय का घेराव करने के लिए निकले थे, लेकिन पुलिस ने कोर्ट तिराहा के समीप बेरिकेटिंग कर उन्हें रोक दिया। इसके बाद कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने वहीं केंद्र और राज्य सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और विरोध प्रदर्शन करते हुए वापस लौट गए।

प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि प्रदेश में भाजपा सरकार के संरक्षण में अफीम की खेती और नशे का कारोबार तेजी से बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार बनने के बाद छत्तीसगढ़ को नशे का गढ़ बनाने की कोशिश हो रही है। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि शराब,गांजा,अफीम और हेरोइन जैसे नशों के कारण प्रदेश की युवा पीढ़ी में नशे की लत महामारी का रूप ले चुकी है।

कांग्रेस नेताओं ने गैस सिलेंडर संकट को लेकर भी सरकार को घेरा। उनका आरोप था कि कमर्शियल गैस सिलेंडर की सप्लाई अचानक रोक दिए जाने से होटल और रेस्टोरेंट प्रभावित हुए हैं, वहीं घरेलू गैस सिलेंडर की आपूर्ति भी पिछले कई दिनों से बाधित है। उन्होंने सरकार से सीमावर्ती और दूरस्थ क्षेत्रों के फार्म हाउसों की जांच कराने की मांग करते हुए कहा कि इससे अफीम की खेती के नेटवर्क का खुलासा हो सकता है। इस दौरान शहर जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष सुशील मौर्य,पूर्व विधायक रेखचंद जैन,पूर्व महापौर जतीन जायसवाल, उमाशंकर शुक्ला,राजेश चौधरी,युवा कांग्रेस राष्ट्रीय प्रवक्ता जावेद खान,कविता साहू, लता निषाद,राजेंद्र पटवा,सूर्यापानी,संतोष सेठिया,ललिता राव सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### सत्ता संरक्षण के बिना नहीं हो सकती अफीम की खेती: सुराना

बस्तर जिला कांग्रेस कमेटी प्रभारी विमल सुराना ने कहा कि बिना सरकार और सत्ता में बैठे लोगों के संरक्षण के खुलेआम अफीम की खेती संभव नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रदेश के कई क्षेत्रों में प्रभावशाली लोगों के संरक्षण में नशे का कारोबार फल-फूल रहा है।

## खबर संक्षेप

### 14 जोड़े बंधे विवाह के बंधन में



**बस्तर।** विकासखंड बकावंड के अंतिम छोर ग्राम पाथरी में गायत्री परिवार द्वारा नव चेतना गायत्री महायज्ञ पांच कुंडीय गायत्री महायज्ञ के साथ संपन्न किया गया। इस कार्यक्रम में क्षेत्र के व सुदूर अंचलों से बड़ी संख्या में गायत्री साधक एवं ग्राम वासियों ने भाग लिया। साथ ही यहां 14 जोड़ों का आदर्श विवाह निशुल्क कराया गया।

### छात्र की संदिग्ध मौत पर कांग्रेस ने बनाई जांच समिति

**दोरनापाल।** सुकमा जिले के पोलमपल्ली बालक छात्रावास में छात्र की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत के मामले ने तूल पकड़ लिया है। घटना को गंभीर मानते हुए जिला कांग्रेस कमेटी सुकमा ने मामले की जांच के लिए एक समिति का गठन किया है। जिला कांग्रेस कमेटी ने बताया कि समिति का उद्देश्य घटनास्थल का निरीक्षण कर वास्तविक स्थिति की जानकारी लेना है। समिति छात्रावास में रह रहे विद्यार्थियों, मृत छात्र के परिजनों, छात्रावास प्रबंधन तथा संबंधित अधिकारियों से जानकारी जुटाकर तथ्यों के आधार पर जांच करेगी और रिपोर्ट जिला कांग्रेस कमेटी को सौंपेगी। जांच समिति में सुश्री बबीता मंडावी को संयोजक बनाया गया है। वहीं युथपति यादव, सुखराम यादव, देवा मंडावी, सविता कच्चे, धर्मेन्द्र चौहान और देवा मड़काम को सदस्य के रूप में शामिल किया गया है। समिति को निर्देश दिया गया है कि वह जल्द से जल्द घटनास्थल का निरीक्षण कर 3 से 5 दिनों के भीतर विस्तृत जांच रिपोर्ट प्रस्तुत करे, ताकि आगे आवश्यक कार्रवाई की जा सके।

### स्टेम लैब व स्मार्ट क्लासरूम उन्मुखीकरण कार्यक्रम



**दंतेवाड़ा।** शासकीय आवासीय कन्या पोटा केबिन कारली में स्टेम फार गर्ल्स परियोजना के तहत'स्टेम लैब एवं स्मार्ट क्लासरूम उन्मुखीकरण कार्यक्रम आयोजित किया। जिले के 13 चयनित विद्यालयों में से 11 विद्यालयों के कक्षा 6 से 8 वीं के विज्ञान शिक्षकों ने भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य शिक्षकों को स्टेम लैब एवं स्मार्ट क्लासरूम के प्रभावी उपयोग के लिए प्रशिक्षित करना तथा कक्षा में हैंड्स-ऑन एवं प्रयोगात्मक अधिगम को बढ़ावा देना था। इस दौरान शिक्षकों को स्टेम लैब के उपकरणों से विज्ञान प्रयोगों का प्रदर्शन, स्मार्ट टीवी के उपयोग का प्रशिक्षण, हैंड्स-ऑन गतिविधियां, कक्षा नियोजन में एआई का उपयोग तथा पद्मश्री अरविंद गुप्ता के वीडियो का प्रदर्शन किया गया। यह परियोजना शिक्षार्थ ट्रस्ट द्वारा भारत केयर्स के एंकरशिप और एचडीएफसी परिवर्तन के सहयोग से जिला प्रशासन दंतेवाड़ा के मार्गदर्शन में चलाई जा रही है।

# नन्हें कदमों की स्कूल वापसी, जब कलेक्टर खुद पहुंचे महुआ बीन रही 'मंगली' के द्वार

हरिभूमि न्यूज ⏭ दोरनापाल





बस्तर के सुदूर अंचलों में शिक्षा की लौ जलाने के लिए प्रशासन अब केवल दफ्तरों तक सीमित नहीं है, बल्कि जमीन पर उतरकर भविष्य संवारने में जुटा है। कलेक्टर अमित कुमार के हालिया दौरे में एक ऐसी ही दिल को छू लेने वाली तस्वीर सामने आई, जिसने यह साबित कर दिया कि एक संवेदनशील नेतृत्व किस तरह बदलाव की नींव रखता है।

गुरुवार को जब कलेक्टर मारोकी, मानकापाल, परिया और कुचारास जैसे दूरस्थ गांवों के दौरे पर थे, तब उनकी नजर सड़क किनारे महुआ बीनती एक छोटी बच्ची पर पड़ी। भीषण गर्मी में जहां बच्चे महुआ इकट्ठा करने में व्यस्त थे, कलेक्टर ने अपना काफिला रुकवाया और सीधे खेतों के बीच पेड़ के पास पहुंच गए। कलेक्टर ने बड़े ही आत्मीय भाव से बच्ची से बात की।

बच्ची ने अपना नाम मड़कामी मंगली बताया। जब उससे स्कूल न जाने का कारण पूछा गया, तो मासूमियत और अभाव की कहानी सामने आई। कलेक्टर ने बताया कि प्रशासन का मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि कोई भी बच्चा संसाधनों या जागरूकता के अभाव में शिक्षा की मुख्यधारा से न छूटे। महुआ बीनने वाले हाथ कलम थामेंगे, तभी सुकमा का असली विकास होगा। लगातार पालक-शिक्षक बैठक आयोजित किया जा रहा है। शिक्षक भी लगातार ड्राप आउट बच्चों के घर जाकर समझा रहे हैं।

कलेक्टर मंगली से बात कर नहीं रुके, बल्कि उसके माता-पिता से मिलने सीधे उसके घर पहुंच गए। उन्होंने पालकों को समझाया कि शिक्षा ही वह एकमात्र रास्ता है जिससे उनके बच्चों का जीवन संवर सकता है। उन्होंने पालक से पूछा कि बच्चे को स्कूल भेजने में कोई दिक्कत है क्या। कलेक्टर की समझाइश और आत्मीयता का असर यह हुआ कि मंगली के माता-पिता उसे तुरंत स्कूल भेजने के लिए राजी हो गए।

### मौके पर ही दिए दाखिले के निर्देश

कलेक्टर अमित कुमार ने केवल संवाद नहीं किया, बल्कि तत्काल समाधान भी सुनिश्चित किया। उन्होंने मौके पर मौजूद बीआरसी को निर्देश दिए कि मंगली के साथ-साथ वहां मौजूद एक अन्य बालक माड़वी देवा का भी नियमित स्कूल जाना सुनिश्चित किया जाए और उन्हें आवासीय विद्यालय में भर्ती किया जाए। इस अवसर पर जिला सीईओ मुकुन्द ठाकुर भी उपस्थित थे। प्रशासन के इस जमीनी और भावनात्मक प्रयास की पूरे क्षेत्र में सराहना हो रही है।

# चित्रकोट जलप्रपात की धार पतली, किसानों ने इंद्रावती नदी के एनीकट में डाली मिट्टी

हरिभूमि न्यूज ⏭ घाटलोहंगा





बस्तर क्षेत्र में इन दिनों इंद्रावती नदी को लेकर एक चिंताजनक स्थिति सामने आ रही है। एक और किसान अपनी फसलों को बचाने के लिए नदी पर बने एनीकेटों में खुद मिट्टी और रेत से भरी बोरियां डालकर अस्थायी बांध बना रहे हैं। वहीं दूसरी ओर विश्व प्रसिद्ध चित्रकोट जलप्रपात का जल प्रवाह लगातार कम होता जा रहा है।

हालात ऐसे बन गए हैं कि कुछ स्थानों पर जलप्रपात में पानी गिरना कम होने की स्थिति तक पहुंच गया है, जिससे क्षेत्र के लोगों में चिंता बढ़ गई है। स्थानीय किसानों का कहना है कि इंद्रावती नदी पर बने कई एनीकट लंबे समय से जर्जर अवस्था में हैं।

- **एनीकट का मरम्मत नहीं होने से पानी बहकर निकल रहा**

समय पर मरम्मत नहीं होने के कारण उसमें दरारें पड़ चुकी हैं और पानी लगातार बहकर निकल जाता है। इससे पानी का भंडार नहीं हो पा रहा है, जिसका सीधा असर खेती पर पड़ रहा है। सिंचाई के अभाव में किसानों की फसलें प्रभावित हो रही हैं और ग्रामीणों की आर्थिक स्थिति भी कमजोर होती जा रही है। इंद्रावती नदी बचाओ संघर्ष समिति के मीडिया प्रभारी लक्ष्मण बघेल ने बताया कि एनीकटों की खराब हालत और प्रशासन की अनदेखी के कारण किसानों को मजबूरी में खुद ही मरम्मत का काम करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि किसानों ने कई बार जल संसाधन विभाग, जिला प्रशासन और राज्य सरकार को ज्ञापन सौंपकर एनीकटों की मरम्मत की मांग की, लेकिन अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया।

ग्रामीणों के अनुसार एनीकट की टूटी संरचना के कारण पानी लगातार बहकर नदी में चला जाता था, जिससे खेतों तक पानी पहुंच ही नहीं पाता था। इस समस्या से निपटने के लिए किसानों ने खुद ही मिट्टी और रेत की बोरियों से एनीकट को अस्थायी रूप से पाट दिया, ताकि पानी को रोका जा सके और खेतों के लिए पानी बचाया जा सके। हालांकि इस कदम का एक दूसरा असर भी सामने आया है। नदी के प्राकृतिक प्रवाह में कमी आने के कारण चित्रकोट जलप्रपात में गिरने वाले पानी की मात्रा भी कम हो गई है। इस बीच इंद्रावती बेसिन विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष शरद अवस्थी ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से मुलाकात कर किसानों के हित में काम करने का दावा किया है। उन्होंने कहा कि बस्तर क्षेत्र में सिंचाई व्यवस्था को मजबूत बनाने और किसानों की आय बढ़ाने के लिए योजनाएं तैयार की जा रही हैं।

लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और ही तस्वीर बयां कर रही है। किसान आज भी सिंचाई के लिए संघर्ष कर रहे हैं और कई जगह ग्रामीणों को स्वयं चंदा इकट्ठा कर अस्थायी मरम्मत करनी पड़ रही है। किसानों का कहना है कि यदि समय रहते एनीकटों की मरम्मत कर दी जाती तो उन्हें इस तरह के कदम उठाने की जरूरत नहीं पड़ती और नदी का प्राकृतिक प्रवाह भी प्रभावित नहीं होता।

### जर्जर एनीकटों की मरम्मत कराई जाए

इसी मुद्दे पर बस्तर जनपद सदस्य हेमराज बघेल ने भी चिंता जताई है। उन्होंने कहा कि इंद्रावती नदी बस्तर की जीवन रेखा है और इसके एनीकटों की अनदेखी करना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। बघेल ने कहा कि किसानों को अपनी मेहनत और पैसे से एनीकट की मरम्मत करना पड़ रहा है, जो प्रशासनिक लापरवाही को दर्शाता है। उनका कहना है कि यदि समय पर मरम्मत होती तो न किसानों को परेशानी होती और न ही चित्रकोट जलप्रपात के जल प्रवाह पर असर पड़ता। उन्होंने सरकार और संबंधित विभाग से जल्द से जल्द एनीकटों की मरम्मत कराने की मांग की है। लोगों का यह भी कहना है कि बस्तर जिले से ही राज्य के जल संसाधन मंत्री का निवास जुड़ा होने के बावजूद इंद्रावती नदी की ऐसी स्थिति होना चिंता का विषय है। क्षेत्र के किसान लगातार मांग कर रहे हैं कि इंद्रावती नदी पर बने सभी जर्जर एनीकटों की जल्द मरम्मत कराई जाए, ताकि सिंचाई व्यवस्था सुधर सके और नदी का प्राकृतिक प्रवाह भी बना रहे। ग्रामीणों और किसानों ने सरकार से जल्द हस्तक्षेप कर स्थायी समाधान निकालने की मांग की है। उनका कहना है कि यदि जल्द ही एनीकटों की मरम्मत नहीं हुई तो आने वाले समय में खेती के साथ-साथ क्षेत्र की प्राकृतिक धरोहरों पर भी गंभीर असर पड़ सकता है। साथ ही पर्यटन पर निर्भर स्थानीय लोगों की आजीविका भी प्रभावित होने की आशंका है।

#### कृषि विकास की नई रणनीति पर चर्चा

# नदियों पर बैराज निर्माण से बढ़ेगा सिंचित क्षेत्र



हरिभूमि न्यूज ⏭ बीजापुर

जिला बीजापुर में कृषि एवं समवर्गीय विभागों की गतिविधियों को सुदृढ़ करने तथा किसानों की आय बढ़ाने के उद्देश्य से 12 मार्च को कृषि विज्ञान केन्द्र, बीजापुर में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता राज्य मंत्री दर्जा प्राप्त अध्यक्ष सुरेश कुमार चन्द्रवंशी ने की। बैठक में जिले के विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने भाग लेते हुए कृषि, पशुपालन, मछली पालन एवं उद्यानिकी क्षेत्र के विकास और विस्तार से जुड़े विषयों पर विस्तृत चर्चा की।

बैठक में कृषि विभाग के उप संचालक पीएस कुशरे कृषि विज्ञान केन्द्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख अरूण सकनी, पशुधन विकास विभाग के उप संचालक राजीव वर्मा, सहायक संचालक उद्यान रामचन्द्र राव, मछली पालन विभाग के दामोदर यालम सहित जल संसाधन विभाग, विद्युत विभाग, जिला विपणन एवं आबकारी विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। बैठक के दौरान जिले में कृषि उत्पादन बढ़ाने के लिए आधुनिक तकनीकों के उपयोग, किसानों को विभिन्न योजनाओं का लाभ पहुंचाने तथा कृषि से जुड़े अन्य क्षेत्रों में गतिविधियों को बढ़ावा देने पर विशेष जोर दिया गया। साथ ही पशुपालन, मछलीपालन और उद्यानिकी को आय के अतिरिक्त स्त्रोत के रूप में विकसित करने की संभावनाओं पर भी चर्चा की गई। इस दौरान जिले में बहने वाली नदियों पर बैराज निर्माण की संभावनाओं पर भी विचार-विमर्श किया गया।

अधिकारियों ने बताया कि बैराज निर्माण से सिंचाई सुविधाओं का विस्तार होगा, जिससे अधिक कृषि भूमि सिंचित हो सकेगी और किसानों को खेती के लिए बेहतर संसाधन उपलब्ध होंगे। बैठक में उपस्थित अधिकारियों को विभागीय योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन तथा किसानों तक अधिकतम लाभ पहुंचाने के लिए समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश भी दिए गए।

# असाक्षरों को महापरीक्षा में शामिल होने करें प्रेरित

हरिभूमि न्यूज ⏭ बस्तर



आगामी 22 मार्च को आयोजित होने वाली उल्लास महापरीक्षा के सफल संचालन को लेकर बस्तर ब्लॉक में तैयारियां तेज कर दी गई हैं। इसी क्रम में बस्तर ब्लॉक के उल्लास कार्यक्रम के प्रभारी सुशील कुमार तिवारी एबीईओ बस्तर द्वारा उल्लास परीक्षा केंद्रों के केंद्र प्रभारियों एवं पर्यवेक्षकों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई।

बैठक में महापरीक्षा के सुचारु संचालन, परीक्षा केंद्रों की व्यवस्था तथा अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। अधिकारियों ने बताया कि प्रत्येक पंचायत में सर्वे के माध्यम से असाक्षर व्यक्तियों की पहचान कर ली गई है तथा उन्हें साक्षरता के इस महाअभियान से जोड़ते हुए आगामी उल्लास महापरीक्षा में शामिल होने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। बैठक में यह भी निर्देश दिया गया कि सभी पंचायतों में निर्धारित परीक्षा केंद्रों पर आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं, ताकि परीक्षा शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हो सके। केंद्र प्रभारियों और पर्यवेक्षकों को परीक्षा संचालन से संबंधित आवश्यक दिशा-निर्देश भी प्रदान किए गए तथा उन्हें अपने-अपने क्षेत्रों में अधिक से अधिक असाक्षर व्यक्तियों को इस महापरीक्षा में शामिल कराने के लिए प्रेरित करने को कहा गया।

उल्लास महापरीक्षा का मुख्य उद्देश्य समाज में साक्षरता को बढ़ावा देना तथा असाक्षर व्यक्तियों को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ना है। इस महाअभियान के माध्यम से लोगों में शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने और उन्हें सशक्त बनाने का प्रयास किया जा रहा है। उक्त बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों को उल्लास साक्षरता की शपथ भी दिलवाई गई।

# रामनवमी उत्सव की तैयारियां शुरू

## भव्य शोभायात्रा व विशेष आकर्षण के साथ मनाया जाएगा पर्व

हरिभूमि न्यूज ⏭ गीदम



गीदम नगर स्थित बाबा रामदेव मंदिर परिसर में श्रीरामनवमी उत्सव समिति गीदम की महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। बैठक में नगर के वरिष्ठजनों, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं बड़ी संख्या में युवा साथियों की उपस्थिति रही। बैठक में आगामी 26 मार्च को गीदम नगर में भगवान श्रीराम के जन्मोत्सव रामनवमी को भव्य, धार्मिक और सांस्कृतिक वातावरण में मनाने के संबंध में विस्तृत चर्चा की गई। इस दौरान उत्सव के सफल आयोजन हेतु कार्य समिति के गठन के साथ-साथ विभिन्न व्यवस्थाओं, जिम्मेदारियों और कार्यक्रमों को लेकर विचार-विमर्श किया गया।

- **समिति के गठन के साथ विभिन्न व्यवस्थाओं, जिम्मेदारियों पर हुआ विचार-विमर्श**

बैठक में सर्वसम्मति से समिति का पुनर्गठन करते हुए राजेश गुप्ता को पुनः श्री रामनवमी उत्सव समिति का अध्यक्ष चुना गया। इसके साथ ही अन्य पदाधिकारियों में उपाध्यक्ष सूरज सिंह ठाकुर, अनिश जार्ज, शैलेन्द्र सिंह, राहुल सोनवानी, सचिव आशुतोष शिवहरे, सह-सचिव शिवम गुप्ता, मोहित सेन, विधान मण्डल, कोषाध्यक्ष राकेश मिश्रा सह-कोषाध्यक्ष रोहित जैन, मीडिया प्रभारी अतुल सिंह, अनिश गुप्ता, महामंत्री कृष्णा शर्मा, गौरव भवानी, मोनू दास बने। बैठक में उपस्थित सभी युवाओं ने इस वर्ष रामनवमी उत्सव को और अधिक भव्य एवं आकर्षक बनाने का संकल्प लेते हुए पूरे गीदम नगर को भगवामय बनाने का निर्णय लिया। साथ ही नगर को सुंदर एवं सुसज्जित बनाने के लिए विभिन्न चौक-चौराहों, मंदिरों एवं प्रमुख मार्गों को विशेष रूप से सजाने तथा धार्मिक वातावरण निर्मित करने पर भी विस्तृत चर्चा की गई।

समिति के सदस्यों ने बताया कि इस वर्ष रामनवमी के अवसर पर भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी, जिसमें नगर के विभिन्न समाज, संगठन, युवा समूह एवं श्रद्धालु बड़ी संख्या में शामिल होंगे। इसके साथ ही इस बार अघोरी बाबा भी विशेष आकर्षण का केंद्र रहेंगे, जिन्हें देखने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के आने की संभावना है। गीदम नगर पूर्व से ही अपने अनूठे, आकर्षक और भव्य धार्मिक आयोजनों के लिए जाना जाता रहा है। इसी परंपरा को आगे बढ़ाते हुए इस वर्ष भी रामनवमी उत्सव को पहले से अधिक भव्य और व्यवस्थित रूप में आयोजित करने का निर्णय लिया गया है। बैठक में नगर पंचायत अध्यक्ष रजनीश सुराना, मल्लिकार्जुन राव, विकास सिंह, अजीत कुशवाह, भूरू सुराना ने युवाओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि उनके मार्गदर्शन में इस बार युवा टीम आयोजन की जिम्मेदारी संभालेगी और पूरे उत्साह के साथ कार्य करेगी। श्रीरामनवमी उत्सव समिति ने गीदम नगर के सभी नागरिकों, सामाजिक संगठनों, व्यापारियों एवं श्रद्धालुओं से अपील की है कि वे इस पावन अवसर पर बढ़-चढ़कर भाग लें और रामनवमी उत्सव को सफल एवं ऐतिहासिक बनाने में अपना सहयोग प्रदान करें।

# बस्तर संभाग के सैकड़ों शिक्षकों के लिए पदोन्नति का रास्ता हुआ आसान

हरिभूमि न्यूज ⏭ गीदम



बस्तर संभाग के शिक्षकों के लिए एक महत्वपूर्ण और राहत भरी खबर सामने आई है। संयुक्त संचालक शिक्षा कार्यालय, बस्तर संभाग द्वारा पदोन्नति संबंधी पूर्व में जारी निर्देशों में आवश्यक आंशिक संशोधन किया गया है। इस निर्णय से उन सैकड़ों शिक्षकों को राहत मिली है, जो अध्ययन केंद्र द्वारा जारी सूची की अनिवार्यता के कारण पात्र होने के बावजूद पदोन्नति से वंचित हो रहे थे।

- **शालेय शिक्षक संघ के प्रयासों से पदोन्नति नियमों में आंशिक संशोधन**

पूर्व में जारी निर्देशों के कारण बस्तर संभाग के कई शिक्षक, जिनकी सेवा पुस्तिका में डीपीई डिप्लोमा एवं डीएड जैसी व्यावसायिक योग्यता दर्ज थी अथवा जिनके पास योग्यता होने के बावजूद सेवा पुस्तिका में इंद्राज नहीं हो पाया था, उन्हें अपात्र की श्रेणी में रखा जा रहा था। इससे शिक्षकों के बीच असमंजस और चिंता की स्थिति उत्पन्न हो गई थी। इस गंभीर विषय को शालेय शिक्षक संघ, जिला इकाई दंतेवाड़ा द्वारा प्रमुखता से उठाया गया। संघ के जिला अध्यक्ष संतोष मिश्रा ने लगातार उच्च अधिकारियों से संवाद स्थापित कर विषय को तथ्यात्मक रूप से प्रस्तुत किया तथा समाधान के लिए निरंतर प्रयास किए। उनके सतत प्रयासों और समन्वित पहल के परिणामस्वरूप संयुक्त संचालक कार्यालय द्वारा पदोन्नति संबंधी निर्देशों में आवश्यक संशोधन किया गया। संशोधित निर्देशों के अनुसार अब जिन शिक्षकों की सेवा पुस्तिका के प्रथम पृष्ठ में व्यावसायिक योग्यता दर्ज है तथा उनकी अंकसूची उपलब्ध है, उन्हें पदोन्नति के लिए पात्र माना जाएगा। इसके अतिरिक्त जिन शिक्षकों के पास व्यावसायिक डिप्लोमा अथवा डिग्री उपलब्ध है, लेकिन सेवा पुस्तिका में उसका इंद्राज नहीं हुआ है, उनसे अंडरटेकिंग प्रमाण पत्र लेकर भी उन्हें पदोन्नति हेतु पात्र माना जाएगा। इस निर्णय से बस्तर संभाग के सैकड़ों शिक्षकों को राहत मिली है तथा उनकी पदोन्नति की राह अब काफी हद तक सरल हो गई है।

# पंचायतों को अधिकार और राशि दिए बिना कैसे बनेंगे आदर्श ग्राम : ध्रुव

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोण्ड/घाटलोहंगा



पूर्व सरपंच संघ प्रदेश उपाध्यक्ष एवं प्रदेश कांग्रेस कमेटी सचिव श्यामकुमारी ध्रुव ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा विधानसभा भवन स्थित कार्यालय में जशपुर जिले से चार दिवसीय अध्ययन भ्रमण पर आए सरपंचों के प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात कर पंचायतों के विकास पर चर्चा करने के बयान पर प्रतिक्रिया व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने सरपंचों को ग्रामीण विकास की धुरी बताते हुए कहा कि वे स्वयं भी पंच और सरपंच के रूप में जनसेवा की यात्रा से जुड़े रहे हैं और पंचायतों के विकास के लिए समर्पण और जज्बा हो तो गांवों में सकारात्मक बदलाव लाया जा सकता है। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि अध्ययन भ्रमण से मिली सीख और अनुभव को सरपंच अपने-अपने गांवों में लागू कर पंचायतों को आदर्श बनाने की दिशा में कार्य करेंगे। जिस तरह मुख्यमंत्री अपने गृह जिला जशपुर के सरपंच संघ के पदाधिकारियों से मिलकर गांवों में चल रहे कार्यों और आदर्श ग्राम बनाने की बात करते हैं, यदि वे इसी प्रकार सभी जिलों और ब्लॉकों के सरपंचों से भी संवाद करें तो यह स्वागत योग्य कदम होगा। आरोप लगाया कि वर्तमान भाजपा शासन में ग्राम पंचायत स्तर पर विकास कार्यों की स्वीकृति नहीं दी जा रही है और न ही नए कार्यों को मंजूरी देने की कोई पहल दिखाई दे रही है। पंचायतों के लिए सबसे महत्वपूर्ण 15वीं वित्त आयोग की राशि भी अब तक पंचायतों के खातों में जारी नहीं की गई है, जिससे गांवों में विकास कार्य पूरी तरह प्रभावित हो रहे हैं।



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### महापौर और टीम की कार्यशैली से जनता नाखुश

**जगदलपुर।** नगर पालिक निगम के नेता प्रतिपक्ष राजेश चौधरी ने



जारी प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से बताया कि महापौर की कार्यशैली को शायद अब भाजपा नेता भी समझ चुके हैं। एक तरफ महापौर स्वच्छता को लेकर खुद को स्वच्छता दूत साबित करने में लगे हुए हैं परंतु धरातल की वास्तविकता अलग है सभी को पता है की महापौर फोटो सेशन में ज्यादा विश्वास रखते हैं। वे और उनकी टीम की कार्यशैली से नाखुश शहर की जनता ही नहीं बल्कि भाजपा के नेता भी हैं। उन्होंने पूछा है कि भाजपा नेता का ज्ञापन देना कौन सी राजनीति से प्रेरित है। महापौर को सच्चाई को स्वीकार करना चाहिए। कांग्रेस पार्षद दल लगातार आवाज उठाकर महापौर को बता रहे हैं की शहर में साफ सफाई, पेयजल व्यवस्था लचर है निर्माण कार्य बंद है। बावजूद खुद का पीठ थपथपाने से परहेज नहीं करते।

### छात्रों ने स्वास्थ्य, पशु चिकित्सा और पौधरोपण से संवारा गांव




जगदलपुर। कुम्हरावंड स्थित शहीद गुंडाधुर कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र के राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर के दौरान स्वयंसेवकों ने जन सेवा की एक अनूठी मिसाल पेश की है। ग्रामीण परिवेश की जरूरतों को समझते हुए छात्रों ने न केवल स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया, बल्कि पशु चिकित्सा और पर्यावरण संरक्षण जैसे महत्वपूर्ण कार्यों के जरिए ग्रामीणों का दिल जीत लिया। छात्रों के अथक प्रयासों से आयोजित इस विशेष स्वास्थ्य शिविर में ग्रामीणों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया गया और उन्हें संतुलित आहार के लाभ समझाए गए। इस पहल से प्रेरित होकर गाँव के लगभग 50 व्यक्तियों, जिनमें बच्चे, युवा, महिलाएं और बुजुर्ग शामिल थे, ने अपना पंजीयन कराया और विशेषज्ञ सेवाओं का लाभ उठाया। इस स्वास्थ्य परीक्षण कार्य में डॉ. वीरेन्द्र ठाकुर, डॉ. रीना जोगी, नर्स सत्यावेनी रेडड़ी और अरविन्द जुमार ने अपना विशेष योगदान प्रदान किया।

# 6 महीने में 25 हजार की 6 किस्त देगा कम्प्यूटर ऑपरेटर

## महिला समूह से माफी मांगकर रकम देने पर हुआ राजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

सुकमा जिले के जिला पंचायत में कम्प्यूटर आपरेटर के पद पर कार्यरत कर्मचारी अशोक साहू को स्वसहायता समूह की महिलाओं के सामने माफी मांगनी पड़ी और डेढ़ लाख रूप 6 महिने में 6 किश्त 25 हजार रूपए के हिसाब से देने की सहमति देनी पड़ी। महिला आयोग ने कलेक्टोरेट में शुक्रवार की शाम सुनवाई के दौरान दोनों पक्ष को बिठाकर पूरे प्रकरण को सुना और फैसला सुनाया। अशोक साहू ने एक दुकानदार की पर्ची 12 लाख रूपए प्रस्तुत किया। उसने तर्क देते हुए कहा कि मसाला और अन्य सामान दुकानों से वह डि मार्ट की शबरी महिला समूह को देता था। अभी भी मुझे राशि देना है। उसने महिला समूह के आरोप को निराधार बताते कहा कि कलेक्टर के मौखिक आदेश पर यह काम कर रहा था। महिला आयोग अध्यक्ष किरणमयी नायक ने दो टूक शब्दों में कहा कि सरकारी कार्यालय में काम करते हुए दलाली और कमिशनखोरी क्यों करने लग गए। इस तरह की पर्ची कहीं पर भी कोई भी दे सकता है। कलेक्टर ने क्या कोई लिखित आदेश दिया था इन सब सवालों पर अशोक साहू निरूत्तर हो गया।



### आर्थिक शोषण और एफआईआर का मामला माना

अध्यक्ष ने कहा सरकारी कार्यालय में काम की आड़ में समूह की गरीब महिलाओं का यह आर्थिक शोषण और एफआईआर का आधार बनता है और सेवा समाप्ति का मामला भी बनता है। डेढ़ लाख वापस करने की सहमति पर आयोग ने प्रकरण को पूरी राशि पटाने के बाद नस्तीबद्ध करने का निर्णय लिया। इस दौरान महिला आयोग की सदस्य दीपिका शोरी और ओजस्वी मंडावी समेत अन्य लोग मौजूद थे।

## जगतू माहरा स्मृति दिवस पर उमड़ी भीड़, समाज की एकजुटता का प्रदर्शन

# शहर में बनेगा भव्य जगतू माहरा प्रवेश द्वार : जयदेव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर संभाग माहरा समाज द्वारा 14वां स्थापना दिवस जगतू महारा स्मृति दिवस के रूप में पूरे उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाया गया। कुम्हड़ाकोट में विशाल जनसभा में बस्तर संभाग के विभिन्न क्षेत्रों से बड़ी संख्या में समाजजन शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरुआत प्रस्तावित जगतू प्रवेश द्वार स्थापना स्थल पर विधिवत पूजा-अर्चना के साथ हुई।

- इतिहास, परंपरा और गौरव को सहेजने के लिए सर्वसमाज से सहयोग की अपील




पूजा-अर्चना का अनुष्ठान धरमू माहरा के वंशज आदर्श बघेल, माटी पुजारी जगतुगुड़ा तथा मंगलु कश्यप पुजारी द्वारा संपन्न कराया गया। सभा में वक्ताओं ने बताया कि जगतू माहरा को जगदलपुर शहर का वास्तविक बसाहटकर्ता माना जाता है और बस्तर की आजादी के लिए हुए ऐतिहासिक भूमकाल आंदोलन में उनका महत्वपूर्ण योगदान रहा है।

मुख्य अतिथि सुकमा जमींदार परिवार के सदस्य कुमार जयदेव ने हल्बी बोली में संबोधित करते हुए जगतू माहरा के इतिहास और बस्तर की गौरवगाथा का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि वर्ष 1772 में राजा दलपत देव जब शिकार के लिए इस क्षेत्र में आए थे, तब उन्होंने यहां की वीरता और विशेषताओं को देखकर इसे राजधानी बनाने का निर्णय लिया था। उन्होंने कहा कि यह भूमि जगतू महारा और धरमू महारा की दानशीलता और त्याग की प्रतीक है, जिन्होंने राजा को यह भूमि दान में दी थी।

कुमार जयदेव ने कहा कि जगदलपुर में जगतू महारा के नाम से एक भव्य प्रवेश द्वार का निर्माण होना चाहिए, जिससे आने-जाने वालों को इस महान विभूति के इतिहास और योगदान की जानकारी मिल सके। उन्होंने बताया कि इस विषय में विधायक किरण देव से चर्चा की गई है और उन्होंने तत्काल 10-10 लाख रुपये की स्वीकृति प्रदान कर कलेक्टर को आवश्यक निर्देश भी दिए हैं। उन्होंने सर्वसमाज से अपील की कि इस द्वार का निर्माण इतना भव्य हो कि पूरे प्रदेश में इसकी मिसाल दी जाए।

कार्यक्रम में संभागीय अध्यक्ष राजू बघेल ने बताया कि समाज द्वारा केशलुर से कुम्हड़ाकोट तक बाइक रैली निकाली गई और कुम्हड़ाकोट में जगतू द्वार स्थल का पूजन किया गया। उन्होंने कहा कि समाज के नेतृत्व में दंतेश्वरी मंदिर के सामने जगतू महारा की प्रतिमा तथा पीजी कॉलेज धरमपुरा में धरमू महारा की प्रतिमा स्थापित करने की मांग भी की जा रही है।

कार्यक्रम में समाज के संरक्षक बिंचेम पेंदी, राजू नाग, विनय सोना, कन्हैया सोना, पप्पू नाग, गंगाराम, सामु मौर्य, योगेश सिंह ठाकुर, सिकंदर सिंह, विवेक जैन, मानिकराम पंथ, गणेश नागवंशी, डिकेश और भुनेश्वर नाग सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे। मंच संचालन शांति नाग ने किया।

## श्रद्धा व सम्मान के साथ मनाई गई बलिराम कश्यप की जयंती



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बलिराम कश्यप वार्ड में शुक्रवार को क्षेत्रवासियों और भाजपा कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में पूर्व सांसद स्वर्गीय बलिराम कश्यप की जयंती श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। इस अवसर पर वार्ड में विशेष कार्यक्रम आयोजित कर वरिष्ठ नागरिकों और महिलाओं का माला पहनाकर सम्मान किया गया तथा उनसे आशीर्वाद प्राप्त किया गया।

- साड़ी वितरण कर लिया आशीर्वाद

कार्यक्रम के दौरान वार्ड के बुजुर्गों और महिलाओं को सम्मानपूर्वक साड़ी वितरित की गई। उपस्थित जनप्रतिनिधियों और कार्यकर्ताओं ने स्व. बलिराम कश्यप के सामाजिक योगदान और जनसेवा को स्मरण करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में वार्डवासी शामिल हुए और जनसेवा के उनके आदर्शों को आगे बढ़ाने का संकल्प भी लिया गया। कार्यक्रम में प्रदेश सहकारिता प्रकोष्ठ (संयोजक) रंजीत पाण्डे, पूर्वी मंडल अध्यक्ष अविनाश श्रीवास्तव, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य पिन्टू साव, शक्ति केंद्र प्रभारी योगेश मिश्रा, महामंत्री संतोष बाजपेयी, दिगंबर राव,वार्ड पार्षद गिरजा गुप्ता, बूथ अध्यक्ष रीना राय, पुष्पा तिवारी, प्रियंजलि दास, जागेश्वर गुप्ता, मनोज तिवारी, प्राचीन तिवारी सहित भाजपा कार्यकर्ता और बड़ी संख्या में वार्डवासी उपस्थित रहे।

# 31 मार्च से पहले टैक्स जमा करने की अपील

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

नगर पालिका निगम द्वारा अंतिम माह मार्च में राजस्व वसूली को तेज करते हुए टैक्स काउंटर खोले गए हैं। करदाताओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए शनिवार और रविवार अवकाश के दिनों में भी टैक्स काउंटर खुले रखने का निर्णय लिया है, ताकि नागरिक बिना किसी परेशानी के कर जमा कर सकें।

- महापौर और सभापति ने जनता से मांगा सहयोग



निगम क्षेत्र के भवन एवं भूमि स्वामियों से संपत्ति कर, यूजर चार्ज, जल कर, भू-भाटक तथा दुकान किराया 31 मार्च से पहले जमा करने की अपील की गई है। समय पर कर जमा करने से नागरिकों को अतिरिक्त अधिभार नहीं लगेगा।

करदाताओं की सुविधा के लिए नगर निगम ने डिजिटल भुगतान की व्यवस्था भी उपलब्ध कराई है। सहायक राजस्व निरीक्षकों के पास उपलब्ध क्यूआर कोड के माध्यम से भी कर का भुगतान किया जा सकता है। नागरिकों की सुविधा के लिए प्रत्येक शनिवार एवं रविवार को भी मुख्य कार्यालय में संपत्ति कर काउंटर सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक खुले रहेंगे। महापौर संजय पांडे ने कहा कि करदाता बिना किसी अधिभार के जमा कर सकते हैं। इसके लिए निगम के सहायक राजस्व निरीक्षक वार्डों में घर-घर पहुंचकर कर वसूली के लिए दस्तक दे रहे हैं। वहीं राजस्व सभापति संग्राम सिंह राणा ने कहा कि 31 मार्च से पहले अपने बकाया करों का भुगतान कर दें, जिससे उन्हें अतिरिक्त अधिभार से बचने का लाभ मिलेगा।

# विद्युत वितरण केन्द्र कार्यालय का जर्जर भवन बना खतरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर जिले के विद्युत वितरण केन्द्र बकावंड के कार्यालय का भवन जर्जर होने और बुनियादी सुविधाओं, जैसे शौचालय के अभाव के कारण उपभोक्ताओं को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। पुराने भवन जर्जर होने के कारण यह स्थिति बनी है। यह स्थिति न केवल असुविधाजनक है, बल्कि कर्मचारियों की सुरक्षा के लिए भी खतरा उत्पन्न कर सकती है।

- भवन में शौचालय नहीं होने से महिला व बुजुर्ग उपभोक्ता





कार्यालय भवन खतरनाक स्थिति में है, जिससे वहां आने वाले लोगों को खतरा है। शौचालय न होने के कारण विशेष रूप से महिला उपभोक्ताओं और बुजुर्गों को बहुत मुश्किल हो रही है। क्षेत्र के लगभग 44 गांव के 18 हजार विद्युत उपभोक्ताओं को बार-बार चक्कर लगाने पड़ रहे हैं और उन्हें असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। उपभोक्ताओं की ओर से अविलंब भवन की मरम्मत या नए कार्यालय के निर्माण की मांग की जा रही है। विद्युत कंपनी के अधिकारियों को इस ओर किसी का ध्यान नहीं है।

### ठेकेदार को दिए निर्देश

विद्युत कंपनी सिविल जगदलपुर संभाग के कार्यपालन अभियंता नंद कुमार मांझी ने इस संबंध में कहा कि बकावंड डीसी कार्यालय भवन की मरम्मत एवं शौचालय के लिए निविदा हो चुकी है। इसके लिए ठेकेदार को निर्देश दिया गया कि शीघ्र ही भवन की मरम्मत एवं शौचालय का निर्माण कार्य करें।

# महापौर ने किया प्रस्तावित सड़क चौड़ीकरण का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

शहर में यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने और जल निकासी को बेहतर करने के उद्देश्य से बोधघाट थाना से कमिश्नर कार्यालय तक प्रस्तावित सड़क चौड़ीकरण कार्य का शुक्रवार को संयुक्त निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान ड्रेन-टू-ड्रेन रोड चौड़ीकरण,आरसीसी नाली निर्माण, विद्युत पोल व ट्रांसफार्मर शिफ्टिंग,पीएचई तथा अमृत मिशन की पानी पाइपलाइन व वाल्व शिफ्टिंग और पुलिया निर्माण से जुड़े तकनीकी पहलुओं की विस्तृत समीक्षा की गई। अधिकारियों ने निर्माण कार्य के दौरान जल निकासी व्यवस्था को प्राथमिकता देते हुए नालियों को सड़क के स्तर के अनुरूप विकसित करने पर जोर दिया ताकि बरसात के समय जलभराव की स्थिति उत्पन्न न हो।

- ड्रेन-टू-ड्रेन चौड़ीकरण, नाली निर्माण व शिफ्टिंग कार्यों की समीक्षा



निरीक्षण के दौरान यह भी तय किया गया कि जहां-जहां नालियां अतिक्रमण की वजह से बाधित हैं,उन्हें व्यवस्थित कर सही स्वरूप में विकसित किया जाएगा। मार्ग में आने वाली पुरानी पुलियों का चौड़ीकरण भी किया जाएगा ताकि पानी का बहाव सुचारु बना रहे। इसके साथ ही सड़क चौड़ीकरण के दौरान बाधा बनने वाले विद्युत पोल और ट्रांसफार्मर को शीघ्र स्थानांतरित करने तथा पीएचई और अमृत मिशन के अंतर्गत बिछी पाइपलाइन और वाल्व को आवश्यकतानुसार शिफ्ट करने के निर्देश दिए गए। निर्माण कार्य को समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूरा करने के लिए संबंधित अधिकारियों और ठेकेदार को स्पष्ट निर्देश भी दिए गए। निरीक्षण के दौरान नगर निगम अध्यक्ष खेमसिंह देवांगन, सभापति निर्मल पाणिग्रही, लक्ष्मण झा, निगम आयुक्त प्रवीण कुमार वर्मा, नगर निगम के कार्यपालन अभियंता गोपाल भारद्वाज, इंजीनियर अमर सिंह, दीपांशु देवांगन,संजीव कर्ण तथा जिला कार्यालय के भू-अभिलेख अधीक्षक बृजभूषण और आरआई कमलेश उपस्थित रहे।

# मोतियाबिंद ऑपरेशन से देख पा रही पायके

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

शहर के महारानी अस्पताल में रोज मोतियाबिंद ऑपरेशन किया जा रहा है, जिससे अंचल के लोगों को लाभ मिल रहा है। गुरूवार को 15 मोतियाबिंद ऑपरेशन किया गया, जिसमें सुकमा निवासी हूंगा पोडियम की 10 वर्षीय पुत्री पायके पोडियम जन्म से मोतियाबिंद से ग्रसित थी। इसके एक आंख से बिल्कुल नहीं देख पा रही थी, डॉ. सरिता थॉमस द्वारा सफल ऑपरेशन किया गया, जिससे अब वो अच्छे से देख पा रही है। ऑपरेशन में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संजय बसाक एवं शासकीय जिला महारानी अस्पताल के सिविल सर्जन डॉ. संजय प्रसाद के मार्गदर्शन से नेत्र साहयक अधिकारी दिव्या पांडे, अमृत राव, स्टाफ नर्स नमिता एवं डोलेश्वर जोशी का भी योगदान रहा।

- महारानी अस्पताल में 15 मरीजों का किया मोतियाबिंद ऑपरेशन



## 5वीं और 8वीं की बोर्ड परीक्षाओं की तैयारियां पूरी थानों में सुरक्षित पहुंची गोपनीय सामग्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर जिले में कक्षा 5वीं एवं 8वीं की केन्द्रीकृत वार्षिक परीक्षा के सफल और पारदर्शी आयोजन के लिए शिक्षा विभाग ने अपनी तैयारी कर ली है। जिला शिक्षा अधिकारी बीआर बघेल के मार्गदर्शन में आज परीक्षा से जुड़ी अत्यंत गोपनीय सामग्रियों के वितरण की महत्वपूर्ण प्रक्रिया सफलतापूर्वक संपन्न हुई। यह वितरण कार्य जगतू माहरा शासकीय बहुउद्देशीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के स्ट्रांग रूम से 13 मार्च को पूरी सुरक्षा के साथ पूरा किया गया।

परीक्षा की शुचिता बनाए रखने के लिए प्रशासन ने कड़े सुरक्षा इंतजाम किए हैं, जिसके तहत जिले के कुल 266 संकुलों के लिए आवंटित गोपनीय सामग्रियों को संबंधित संकुल प्राचार्यों के सुपुर्द किया गया। इन सामग्रियों को विशेष वाहनों के माध्यम से जिले के विभिन्न थानों और चैकियों में सुरक्षित जमा कराने की कार्यवाही पूर्ण कर ली गई है। उल्लेखनीय है कि इस वर्ष की केन्द्रीकृत परीक्षा के लिए जिले में कुल 1613 प्राथमिक शाला और 718 माध्यमिक शाला परीक्षा केंद्र निर्धारित किए गए हैं।



# उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं का हुआ सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

नगर की साहित्यिक,सांस्कृतिक एवं सामाजिक संस्था प्रेम सदन के तत्वावधान में स्थानीय लाला जगदलपुरी ग्रंथालय में गुरुवार को महिला प्रतिभा सम्मान एवं होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम दो सत्रों में संपन्न हुआ, जिसमें पहले सत्र में महिला प्रतिभा सम्मान समारोह और दूसरे सत्र में काव्य गोष्ठी आयोजित की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्था की संस्थापक प्रेम देवी नाग एवं अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन कर किया गया।

- प्रेम सदन में महिला प्रतिभा सम्मान एवं होली मिलन



पहले सत्र में नगर की विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट उपलब्धियां प्राप्त करने वाली महिलाओं को शॉल,श्रीफल और सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया गया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। इस दौरान एशियन कॉमनवेल्थ खेलों में प्रतिनिधित्व करने वाली गुरप्रीत कौर, समाज सेवा में सक्रिय विजय लक्ष्मी दानी, हॉकी में राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली जिज्ञासा कश्यप, फुटबॉल में राष्ट्रीय स्तर पर उपलब्धि हासिल करने वाली मुस्कान सलाम, साहित्य क्षेत्र में नवनीत कमल, पत्रकारिता में उल्लेखनीय कार्य करने वाली मीनाक्षी जोशी, शतरंज में राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली अलंकृता मोहराणा तथा शिक्षा के क्षेत्र में देवश्री गोयल को सम्मानित किया गया। साथ ही राष्ट्रीय युवा संसद नागपुर में छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करने वाले श्रीवर सिंह ठाकुर को विशेष सम्मान प्रदान किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि वरिष्ठ रचनाकार एवं समाजसेवी शैल दुबे ने कहा कि आज महिलाएं घर की देहरी लांघकर हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का परचम लहरा रही हैं और समाज में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। द्वितीय सत्र में आयोजित काव्य गोष्ठी में शहर के वरिष्ठ एवं नवोदित कवियों ने अपनी रचनाओं का प्रभावशाली पाठ किया,जिसे श्रोताओं ने खूब सराहा।

काव्य गोष्ठी में शशांक श्रीधर शेंडे,पूर्णिमा देहारी,नीता पांडे, स्मृति मिश्रा,श्रीवर सिंह ठाकुर,सतरूपा मिश्रा,कविता बिजौलिया,चमेली नेताम और ऋषि शर्मा ने अपनी रचनाओं का पाठ किया। इसके अलावा नवनीत कमल,रानू शील नाग,कृष्ण शरण पटेल,मनोज पाणिग्रही और तुलादास मानिकपुरी ने भी काव्य पाठ कर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।

